**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 15.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. सरकार ने कहा–वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश में घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।
2. 'मकान सूचीकरण और आवास जनगणना' के तहत कल से गणनाकार क्षेत्रीय स्तर पर मकान सूचीकरण का कार्य करेंगे।
3. हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर, उप–राज्यपाल ने कहा –यह प्रदेश भारत के सबसे प्रशंसित राज्यों में से एक बनकर उभरा है।
4. मन की बात कार्यक्रम के लिए 24 अप्रैल तक लोगों से सुझाव मांगे गए हैं।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश में घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है और किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और अब तक दो हजार दो सौ से अधिक नाविकों को वापस लाया गया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि देशभर में बंदरगाह संचालन सामान्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में स्थित भारतीय दूतावास हाई अलर्ट पर हैं और चौबीस घंटे हेल्पलाइन सेवाओं के जरिए नागरिकों को सहायता प्रदान की जा रही है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय सुरक्षा की तेजी से बदलती परिस्थितियों से निपटने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम और कुशल कार्यबल की आवश्यकता पर बल दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के बढ़ते उपयोग और साइबर डेटा सुरक्षा के विस्तार से राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि आंतरिक सुरक्षा राष्ट्र की प्रगति और विकास की अनिवार्य शर्त है।

<><><><><><><>

भारत की जनगणना 2027 का पहला चरण 'मकान सूचीकरण और आवास जनगणना' के तहत कल से 15 मई तक गणनाकारों द्वारा घरों से डेटा एकत्र करने हेतु क्षेत्र स्तर पर मकान सूचीकरण का कार्य जारी रहेगा। इस बार, जनगणना पूरी तरह से वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप की मदद से डिजिटल माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसमें आम जनता को विशेष सुविधा के रूप में 'स्व–गणना' का विकल्प दिया गया है। स्व–गणना की अवधि के दौरान, परिवार का कोई भी सदस्य पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से परिवार का विवरण डिजिटल रूप से दर्ज कर सकता है। स्वगणना की अंतिम तिथि आज है। प्रक्रिया पूरी होने पर, एक विशिष्ट 'स्व–गणना आईडी' प्राप्त होगी, जिसे सत्यापन और प्रमाणीकरण के लिए गणनाकारों को देना होगा।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन 2021 में पूरे देश में एक एकीकृत और समन्वित डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इस मिशन के तहत, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता तथा स्वास्थ्य आईडी नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य पहचान प्रदान करती है। इस संबंध में जी बी पन्त अस्पताल में सभी ओपीडी पंजीकरण स्वास्थ्य आईडी के माध्यम से ही किए जाएंगे। अस्पताल आने वाले मरीजों को अब OPD पंजीकरण के लिए ABHA, कार्ड साथ लाना होगा। इसके अलावा मरीजों की सुविधा के लिए जी बी पन्त अस्पताल, मायाबन्दर के राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल और कार निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल में 'स्कैन एंड शेयर' सुविधा भी शुरू की गई है।

<><><><><><><>

महिला एवं विकास मंत्रालय ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन, पोषण अभियान के अंतर्गत 14 लाख से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों और लगभग 9 करोड़ लाभार्थियों की निगरानी कर रहा है। पोषण अभियान भारत का प्रमुख राष्ट्रीय पोषण मिशन है, जिसका उद्देश्य समन्वय, प्रौद्योगिकी और सामुदायिक डाटा संग्रह के माध्यम से पोषण परिणामों में सुधार करना है। इस एप्लिकेशन ने आंगनवाड़ी सेवाओं के लिए वास्तविक समय डेटा संग्रह को सुगम बनाया है, जिसमें आंगनवाड़ी केंद्रों का उद्घाटन, बच्चों की दैनिक उपस्थिति और विकास निगरानी शामिल है। मंत्रालय के अनुसार, वर्तमान में यह प्रणाली गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, छह वर्ष तक के बच्चों और किशोरियों की निगरानी कर रही है।

<><><><><><><>

हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर, उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपों में रहने वाले इस राज्य के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, हिमाचल प्रदेश भारत के सबसे प्रशंसित राज्यों में से एक बनकर उभरा है, जो यहाँ के लोगों की शक्ति, समर्पण और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। शिक्षा, पर्यावरण के अनुकूल विकास, पर्यटन, बागवानी और जलविद्युत जैसे क्षेत्रों में राज्य की उल्लेखनीय उपलब्धियां पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उप–राज्यपाल ने कहा कि यह दिन प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में मिलकर कार्य करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 26 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या मायगव ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन सुझाव दिए जा सकते हैं। श्रोता 1 9 2 2 पर मिस्ड कॉल देकर सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव इस माह की 24 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने अधिक से अधिक उद्यमों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के पोर्टल dashboard.msme.gov.in/na पर 20 अप्रैल तक आवेदन मांगे हैं। इसके अंतर्गत विनिर्माण उद्यमिता, सेवा उद्यमिता, निर्यात–उन्मुख सेवा, महिला उद्यमिता, अनुसूचित जाति– जनजाति और दिव्यांग श्रेणी के उद्यमियों सहित अन्य श्रेणियों के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे।

उधर, भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को सम्मानित करने के लिए 'सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2027' के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थान पुरस्कार के लिए Awards.gov.in पोर्टल के माध्यम से 30 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन लिंक प्रशासन और आपदा प्रबंधन निदेशालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>

एम.वी. नालंदा की लिटिल अंडमान के लिए उन्नीस अप्रैल की पूर्व निर्धारित यात्रा को रद्द कर दिया गया है। जहाजरानी सेवा निदेशालय ने कहा कि अब जहाज एम.वी. भारत सीमा उन्नीस अप्रैल को सुबह आठ बजे लिटिल अंडमान के लिए प्रस्थान करेगा और उसी दिन रात नौ बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम के लिए वापस रवाना होगा। यात्रियों से एम.वी. नालंदा के टिकट रद्द कर एम.वी. भारत सीमा के लिए नए टिकट खरीदने को कहा गया है। टिकटों की बुकिंग कल सुबह नौ बजे से ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। यात्रियों की सुविधा के लिए क्यू आर कोड भी उपलब्ध है। इसके अलावा, टिकट स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी खरीदे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर के शैक्षणिक सत्र 2019–20 बैच के स्नातक डिग्री प्रमाणपत्र पांडिचेरी विश्वविद्यालय से प्राप्त हो गए हैं। कॉलेज ने संबंधित विद्यार्थियों से सभी कार्य दिवसों में कॉलेज के प्रवेश एवं परीक्षा अनुभाग से अपने डिग्री प्रमाणपत्र प्राप्त करने को कहा है।

<><><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित चिंते लॉन्ग फायरिंग रेंज, में 21 अप्रैल को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इस अवधि के दौरान लोगों को फायरिंग क्षेत्र से दूर रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>